## कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग मुजफ्फरनगर।

पत्रांक :–4153/ मुजफ्फरनगर दिनांक, 27/2 2020।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
एन0एच0डिविजन,पी0डब्लू0डी0,
गाजियाबाद।

विषयः— जनपद मुजफ्फरनगर में लक्सर –पुरकाजी मार्ग (नया एन0एच0 334ए) कि0मी0 0.00 से कि0मी0 15.089 तक मार्ग चौडीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य हेतु 0.21 है0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 59 वृक्ष पातन तथा 15.892 है0 गैर संरक्षित वन भूमि एवं उस पर अवस्थित 3533 वृक्षों के पातन की अनुमति हेतु प्रस्ताव।

सदर्भः— ऑन लाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UP/ROAD/40150/2019 एवं इस कार्यालय का पत्रांक–1504/14–1 दिनांक 11.11.2019 ।

महोदय,

कृपया इस कार्यालय के उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 11.11.2019 का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से उपरोक्त विषयक प्रस्ताव के सम्बन्ध में कतिपय सूचनाऐं / अभिलेख उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी थी। विषयक क्रम में आपने अपने पत्र दिनांक–29.01.2020 द्वारा वांछित सूचनाऐं प्रेषित करने के सम्बन्ध में अवगत कराया है । परन्तु अभी भी प्रस्ताव में निम्नलिखित अभिलेख /सूचनाऐं संलग्न नहीं की गयी है।

1— प्रस्ताव में संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट संलग्न नहीं है। कृपया राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त हस्ताक्षरित संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्ताव में संलग्न करें।

2— प्रस्ताव में प्रस्तावित संरक्षित वन भूमि 0.21 है0 का जियो रेफरेंस्ड डिजिटल मैप संलग्न नहीं है। कृपया इसे प्रस्ताव में संलग्न करें।

3— प्रस्ताव में संलग्न की गयी सूचनाओं /अभिलेखों पर न तो पृष्ठ संख्या अंकित है और न ही संलग्न संख्या अंकित की गयी है। कृपया प्रस्ताव में पृष्ठ संख्या एवं संलग्न संख्या अंकित करते हुए विषय सूची बनाकर प्रस्ताव में संलग्न करें।

अतः उपरोक्तानुसार प्रस्ताव में पायी गयी कमियों का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव यथाशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रस्ताव उच्च स्तर को ससमय प्रेषित किया जा सके।

(सूरज)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
मुजफ्फरनगर।

संख्याः– 4153 दिनांकित।

प्रतिलिपि–वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सहारनपुर वृत्त सहारनपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(सूरज)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
मुजफ्फरनगर।

o/c

375 D:\FOREST-1\Surendra\Survey Branch\Genral\PWD.doc

Scanned with CamScanner